तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बेरला के गुरु परिवार की 845 किमी लंबी साइकिल पालखी यात्रा...



10 मरोदा पंप हाउस में भरा पानी, ब्रेकडाउन से जलापूर्ति ...



## खबर संक्षेप

### रथयात्रा से मोबाइल पार, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** रथयात्रा के भीड़ का लाभ उठाते हुए मोबाइल पार करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 6 स्थित जगन्नाथ मंदिर के आसपास भिलाई में मोबाईल रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने दबिश देकर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम प्रगति नगर छावनी भिलाई निवासी एम. सागर बताया है। भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में भीड़ में मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने अपने दोस्त बिल्लू नौसाद,सुनील उर्फ रोहित, इमला समेत अन्य के साथ मिलकर चोरी करना बताया है। आरोपी से पुलिस ने 10 मोबाईल जब्त किया है, उक्त मोबाइलों की कीमत 3.30 लाख रुपए आंकी गई है।

### पद्मनाभपुर में चोरी

**भिलाई।** पद्मनाभपुर निवासी अधिवक्ता सुनील साहू के सूने मकान में चोरी हो गई। साहू परिवार के साथ बनारस गए हुए थे। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। आरोपी दीवार फांदकर घर के अंदर घुसे। आरोपी चोर बड़े आराम से घंटों तक मकान के अंदर रहे। इस दौरान आलमारी में रखे जेवरात और नगद उड़ा ले गए। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### 24 साल से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**भिलाई।** अनुसूचित जाति, जनजाति धारा के अंतर्गत 24 साल से फरार आरोपी स्थायी वारंटी को



गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताय कि डीएसपी अजाक हेम प्रकाश नायक की विशेष टीम फरार वारंटी को पकड़ने की पतासाजी कर रही थी। इस दौरान मोहन नगर अजाक थाना की टीम ने अनुसूचित जनजाति की महिला के साथ छेड़खानी कर अपमानित करने वाले स्थायी वारंटी डौंडी लोहारा निवासी कमल सिंह उर्फ शुभपाल सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फरारी का चालान तैयार कर 30 नवम्बर 2001 में पेश किया। विशेष न्यायाधीश के. विनोद कुजूर विशेष न्यायालय एट्रोसिटी कोर्ट दुर्ग के धारा 354 भादवि 3 (1)2 एस.सी/एस.टी एक्ट के तहत आरोपी फरार था। आरोपी को पकडकर विशेष न्यायालय एट्रोसिटी कोर्ट दुर्ग में पेश किया गया। स्थायी वारंटी कमल सिंह 24 वर्षों से फरार था।

# बुचीडीह मर्डर: घटना के 30 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- एसडीओपी ने कहा- आरोपी के जल्द पकड़े जाने की सम्भावना

सरदा क्षेत्र के बुचीडीह बस्ती में बिहार राज्य के युवक की हत्या के मामले में दूसरे दिन भी बेरला पुलिस की विवेचना क्राइम के हर एंगल पर जारी रही। हालांकि मामले में 30 घंटों के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

जांच टीम घटनास्थल पर संदिग्धों से लगातार पूछताछ कर रही है। अब तक आधा दर्जन से ज्यादा संदेहियों को उठाया जा चुका है। थाना प्रभारी केके सिंह सहित स्टॉफ फिलहाल आरोपी की तलाशी में जुटा है। जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा कर दिए जाने की बात कही जा रही है बेरला अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर जांच के लिए डॉग स्क्वॉड एवं फोरेंसिक विशेषज्ञ की मदद ली गयी है। साथ ही पोस्टमार्टम की शार्ट रिपोर्ट भी मंगाई गई है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

चूंकि मृतक के परिजन बिहार राज्य से थे। उनके आने के बाद पोस्टमार्टम कर बॉडी को मृतक के परिजनों को सौंपा गया है। वही इस पूरे हत्याकांड में सबूत के तौर पर धारदार हंसिया को बरामद किया गया है, जिनसे फिंगर प्रिंट व अन्य साक्ष्य लिए जाएंगे।

## दूसरे दिन भी पुलिस की पूछताछ व तलाशी अभियान जारी




### बेरला में अव्यवस्थाओं एवं असुविधाओं के बीच संचालित मर्च्युरी सेवा

बेरला में स्थित शव परीक्षण कक्ष की बिल्डिंग काफी अरसे से मरम्मत व रंगरोगन न होने से अत्यंत जर्जर स्थिति में है। साथ ही इस मर्च्युरी में स्थायी सफाईकर्मी न होने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि इन सब असुविधाओं के बीच अक्सर बॉडी का पोस्टमार्टम किया जाता है। मृतक के भांजे आशु सिंह ने बताया कि बेरला सामुदायिक अस्पताल में शव वाहन न होने पर मर्च्युरी तक लाने के लिए निजी वाहन का उपयोग करना पड़ा। वहीं बाद में रायपुर के डीप फ्रीजर एम्बुलेंस से बॉडी को बिहार स्थित उनके मूल गाँव ले जाया जाएगा, जो दुख की इस घड़ी में काफी खर्चीला एवं कष्टदायक है। शासन-प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है।

## जन चौपाल : कलेक्टर ने सुनी बातें, किया निराकरण

# जनदर्शन में शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित लोगों के 30 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- कुछ आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करने के दिए निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा मंगलवार ने कलेक्टोरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए।

आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 30 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील नांदघाट के ग्राम चमारी के निवासी पांचो बाई साहू ने जमीन पर कब्जा कर रास्ता रोकने वाले व्यक्ति के विरूद्ध उचित कार्रवाई के संबंध में आवेदन दिया। तहसील साजा के के ग्राम हरदास निवासी उत्तरा साहू ने प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। बेमेतरा के वार्ड नं. 19 के निवासी तोषिका वर्मा ने मितानिन ट्रेनर बदलने के संबंध आवेदन दिया। तहसील नांदघाट के ग्राम परसदा निवासी भुवनदास अधिग्रहित भूमि के रकबा में सुधार किए जाने के संबंध में आवेदन दिया।

तहसील बेमेतरा सुरकी निवासी श्रीकांत ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पशु तस्करी करने हेतु कानूनी कार्यावाही के संबंध में आवेदन दिया। तहसील साजा के ग्राम धौराभांठा के समस्त ग्रामवासी ने शासन की सम्पत्ति से छलपूर्वक प्रबंधक कलेक्टर का नाम विलोपित किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्डा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया।



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम बेमेतरा प्रकाश कुमार भारद्वाज, एसडीएम बेरला दीप्ती वर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## क्षेत्र में लगातार बारिश से नगर का खरगा जलाशय लबालब



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

क्षेत्र में विगत दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण नगर स्थित खरगा जलाशय तालाब लबालब हो गया है। अब यह सालभर नगरवासियों के जरूरत आपूर्ति एवं नगर क्षेत्र के वाटर रीचार्ज का काम करेगा।

दरअसल बेरला में खरगा तालाब तकरीबन 150 हेक्टेयर पर फैला है, जिसके इर्द-गिर्द एक नगर की बस्ती निवासरत है। वही गर्मी के दिनों में इस जलाशय के सूखने पर बेरला में जनसंकट की समस्या आ खड़ी हुई थी। चूंकि फिलहाल में इस खरगा जलाशय पर वर्षा के पानी का विशाल जलभराव हो गया है, जो क्षेत्र के लिये काफी महत्वपूर्ण है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पूर्ववर्ती कार्यकाल में इस जलाशय को संवारने व सहेजने के दिशा में कार्य करने पर विचार चल रहा था। किन्तु सत्ता परिवर्तन के बाद नगर के इस अहम प्रोजेक्ट पर विराम लग गया है। वही अब नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल राज देशलहरे ने बताया कि उनके कार्यकाल में इस जलाशय के कायाकल्प के लिए भरसक प्रयास किया जाएगा। पंचायत में पार्षदों की सहमति से प्रस्ताव तैयार कर शासन-प्रशासन को भेजा जाएगा।

## व्यापारियों को दी गई समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

वार्ड क्रमांक 01 में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार को व्यवस्थित करने हेतु नगर पंचायत स्टाफ एवं पुलिस व्यवस्था के साथ मिलकर व्यापारियों को समझाइश दी गई। इस दौरान बाजार को निर्धारित स्थान पर संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि आमजन को आवागमन में कोई असुविधा न हो। इस दरमियान वार्ड पार्षद व उपाध्यक्ष नगर पंचायत प्रेरणा शौर्य जीत सिंह पार्षद कमल राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। यातायात व्यवस्था के साथ सफाई की व्यवस्था पर सभी व्यापारियों को सहयोग करने की अपील की गई।

प्रेरणा सिंह ने कहा कि आपका अपना बाजार है इसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी भी आपकी है। सभी सहयोग कर एक दूसरे का सहयोग करते हुए व्यवसाय करें व्यापारियों ने व्यवस्था में पूरा सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

## बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव की पूरी तैयारी रखें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित दिशा सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन की बैठक हुई । बैठक में बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व अनुभवों के आधार पर बाढ़ संभावित इलाकों में सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिए कि वे बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें और उनके शासकीय वाहनों में रस्सी, टॉर्च, आवश्यक दवाइयाँ और फर्स्ट एड किट अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए ताकि आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपयोग हो सके। उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ या जल भराव की सूचना मिलते ही त्वरित राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करें। अस्थायी राहत शिविरों की तैयारी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, होमगार्ड और नगर सेना की रेस्क्यू टीम को अलर्ट मोड में रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल, आंगनबाड़ी और पंचायत भवनों में अस्थायी शिविर स्थापित कर प्रभावितों को सुरक्षित आश्रय दिया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने कहा कि समय पर पूर्व तैयारी हो तो जन-धन की हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र सुदृढ़ हो, ताकि फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और गोताखोर समय पर घटना स्थल पर पहुँच सके।

**बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नामांकित करने के दिए निर्देश :** कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला और तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित करने तथा बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में हर वर्ष बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है, वहाँ विशेष सतर्कता बरती जाए और पहले से राहत शिविर की योजना बनाकर खाद्यान्न, केरोसिन और जीवन रक्षक दवाओं का भंडारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बचाव उपकरणों की जांच कर उन्हें कार्यशील स्थिति में रखा जाए। मोटरबोट की उपलब्धता की जानकारी राहत आयुक्त को भेजी जाए। सभी वर्षा मापक केंद्रों पर यंत्रों का समुचित संधारण किया जाए।




### नदियों के जल स्तर की हो निगरानी: कलेक्टर

श्री शर्मा ने कहा कि नदियों के जल स्तर की लगातार निगरानी होनी चाहिए और जल स्तर खतरे के निशान के पास पहुँचने पर तुरंत राज्य स्तर के कंट्रोल रूम और संबंधित निचले जिलों को सूचित किया जाए। साथ ही, आस-पास के जिलों से जलाशयों के जल छोड़ने की स्थिति में विशेष सतर्कता बरती जाए और संभावित प्रभावित गांवों को कम से कम 12 घंटे पहले सूचित किया जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी बाढ़ से क्षति होती है तो उसकी जानकारी समय पर जिला प्रशासन को दी जाए ताकि आवश्यक राहत कार्य प्रारंभ किए जा सकें। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, जिले के सभी एसडीएम, डीएसपी राजेश कुमार झा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग, सभी एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## रथ, बैंड-बाजे और श्रद्धा से सजा नगर भ्रमण, प्रवचन में बताई धर्म की परिभाषा

# साजा में जैन साधुओं का भव्य चातुर्मास प्रवेश, धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

- सत्संग में नेताओं और समाजजनों ने साझा किया आध्यात्मिक दृष्टिकोण

नगर में इस वर्ष जैन श्री संघ द्वारा चार माह चतुर्मास के लिए आचार्य श्री विजय योग तिलक जी महाराजा के शिष्य श्वेत तिलक जी, कंचन तिलक जी आदि ठाना 7 और साध्वी चैत्य दर्षिता आदि ठाना 8 का आज भव्य वर्घोडा, बैंड बाजे, रथ के द्वारा नगर भ्रमण करते हुए जैन आदिनाथ मन्दिर प्रांगन होते हुए, अबेंडकर भवन में प्रवेश हुआ। प्रवेश में गुरु भगवंतों के माता पिता, परिवार सूरत, अहमदाबाद, बॉम्बे से गुरु सेवा मे आये। साथ ही छग के कोने कोने से गुरु भक्त श्री संघ के साथ गुरु, गुरनी जी का प्रवेश कराया। संघ मे हर्ष छाया है।



कार्यक्रम की शुरु वात रोमिल जैन, हार्दिक जैन ने मंगला चरण से किया, महिला मंडल, ने स्वागत गीत से अथितिओ का अभिन्दंन किया। जैन श्री संघ, साजा द्वारा सभी अथितिओं का माला दुपट्टा, और श्री फल से स्वागत किया गया।



### धर्म हमेशा जोड़ने की बात बताता है तोड़ने की नहीं

गुरु भगवंतों ने प्रवचन में धर्म को परिभाषित करते हुए कहा की जो जोड़े वह धर्म है, धर्म हमेशा जोड़ने की बात बताता है तोड़ने की नही। धर्म आत्मा से सम्भन्दित है, यहा आत्मा को शुद्ध करती है, कई जन्मों से भरे हुए कचरे को दूर करके परमात्मा से सीधा जोड़ने का कार्य करती है। मार्ग अलग अलग हो सकता है, लेकिन लक्ष्य सभी का एक है। चतुर्मास में तप-जप स्वाध्याय से अपने जीवन को मोक्ष मंजिल की और ले जाना है। गुरु भक्तों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद गुरु जी से लिया।

**चतुर्मास में करें आत्मकल्याण: वक्ता:** प्रति दिन सुबह 9 से 10, बजे प्रवचन (सत्संग) जैन भवन में सभा को पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, हिमांशु वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष मूल चन्द शर्मा, हरि शंकर टावरी, नथमल अध्यक्ष कमलेश सांखला, चातुर्मास के अध्यक्ष संजय सांखला और अन्य ने सम्बोधित किया। सभी ने इस चार मांह मे धर्म, तप, त्याग करने के साथ आत्म कल्याण की बात कही। आभार प्रदर्शन जितेंद्र दुग्गड ने किया। सभा का संचालन छगन गोलछा, रूपेश छाजेड ने किया।

# परपोड़ी-बीजा मार्ग पर सड़क निर्माण की धीमी गति, ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत का सबब



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बोरतरा

लोकनिर्माण उप सम्भाग साजा अंतर्गत बोरतरा क्षेत्र में बन रहे सड़क निर्माण कार्य लगातार सुर्खियों में है।

वैसे तो इन दिनों यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र में अहम विकास की आड़ में काफी अरसे से कछुए की चाल से किया जा रहा है। जिसमे परपोड़ी से लेकर बोरतरा होते हुए बीजा चौक तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। बोरतरा के आगनबाड़ी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण के कारण पूरा मार्ग दलदल व कीचड़ से सराबोर हो गया है। धीमी निर्माण गति के चलते सड़क पर बारिश का पानी भर गया है। रोजाना सैकड़ो ग्रामीणों, बच्चों को स्कूल व आगनबाड़ी जाना पड़ रहा है, जो काफी कष्टदायक साबित हो रहा है। इस सम्बंध में जिम्मेदार ऑफिसरों को सम्बन्धित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कर उचित प्रबधंन व व्यवस्था कराई जानी चाहिए, ताकि गाँव के आम नागरिकों को परेशानी से जद्दोजहद न करना पड़े।

**खबर संक्षेप**



## कोर्ट व कलेक्ट्रेट के पार्किंग स्थल में कीचड़

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग का प्रतिनिधि मंडल ने संघ की अध्यक्ष नीता जैन के नेतृत्व में सोमवार को जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। संघ की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में बरसात के दिनों में न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में जगह जगह गढ्ढे में कीचड़ हो जाने से वाहन पार्किंग करने में समस्या हो रही है। उसके साथ ही कीचड़ होने से परिसर में बैठकर कार्य करने वाले अधिवक्ताओं एवं पक्षकारो को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके शीघ्र निराकरण करने हेतु संघ की ओर से ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव राकेश कुमार यादव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव रविशंकर मानिकपुरी, ग्रन्थालय सचिव बजरंग श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद प्रजापति, रविंदर बाबू, सदस्य नितेश कुमार साहू, दमयंती चंद्राकर सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी दानिश परवेज ने दी है।

## बार एवं रॉड मिल का कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) ने जून में उत्कृष्ट तकनीकी उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। बीआरएम ने 85.89 प्रतिशत मिल यूटिलाइजेशन प्राप्त कर सर्वोच्च मासिक मिल यूटिलाइजेशन का नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 2,64,157 टन उत्पादन कर प्रथम तिमाही के उत्पादन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संकार्य) श्री राकेश कुमार ने बीआरएम टीम को इस उपलब्धि हेतु बधाई दिए।

# मरोदा पंप हाउस में भरा पानी, ब्रेकडाउन से जलापूर्ति प्रभावित

### से.1 सहित कुछ क्षेत्रों में 8.45 बजे नलों में आया पानी, दिनभर चला रिपेयर का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के जल प्रबंधन विभाग के मरोदा पंप हाउस में सोमवार को टाप कवर फट जाने से पंप हाउस में पानी भर गया। पंप हाउस में रिपेयर का काम जारी है। इससे मड़ौदा सेक्टर सहित कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रही। मेंटेनेंस कार्य के चलते मंगलवार को भी कुछ सेक्टरों में जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। बीएसपी ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

मड़ौदा सेक्टर के पंप हाउस में सुबह करीब 8.30 बजे 1 पंप का एनआरबी का टॉप कवर फट गया। इससे हाइ प्रेशर में पानी पंप हाउस में तेजी से भरने लगा। इस पंप हाउस में पेयजल की आपूर्ति के लिए कुल 3 पंप चलते हैं। ब्रेक डाउन के तत्काल बाद शेष 2 पंप को प्रभावित होने से बचाने के लिए बंद कर दिया गया। जल आपूर्ति को सामान्य बनाने के लिए तेजी से कार्य जारी है।मरोदा पंप हाउस से टाउनशिप को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। सुबह 8.30 बजे हुए ब्रेक डाउन के पूर्व टाउनशिप के अधिकांश हिस्सों में पेयजल की आपूर्ति लगभग कर दी गई थी। इस ब्रेक डाउन से पेयजल की आपूर्ति आंशिक रुप से प्रभावित हुई है, संयंत्र के उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

ब्रेक डाउन के तत्काल बाद सर्वप्रथम फटे हुए पंप के पानी को रोका गया और फायर ब्रिगेड सहित सभी संबंधित विभागों को सूचना देते हुए ज्यादा क्षति न हो इसे ध्यान में रखते हुए चल रहे अन्य पंपों को भी बंद कर दिया गया। पंप हाउस में इन्हें सुधारने का कार्य तीव्र गति से जारी है और देर शाम तक स्थिति सामान्य होने की संभावना है।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए 8 जुलाई को टाउनशिप में नियमित पेयजल सप्लाई आंशिक रूप से प्रभावित हो सकती है। टाउनशिप के रहवासियों से सहयोग की अपील की गई है। पंप हाउस में खराबी आने के चलते कुछ सेक्टरों में रात 8.45 बजे जलापूर्ति की गई। इससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### इंटक कार्यालय में हुआ कन्वेंशन, हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय

# सात यूनियनों ने बीएसपी कर्मियों से किया आज ड्यूटी नहीं जाने का आह्वान

### केंद्र सरकार के निजीकरण सहित सभी श्रमिक विरोधी कदमों का किया पुरजोर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई




नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को भिलाई इस्पात संयंत्र में शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए 7 ट्रेड यूनियनों द्वारा प्लांट के अंदर और बाहर व्यापक तैयारी की जा रही है। इसके तहत इंटक कार्यालय में संयुक्त यूनियन द्वारा इंटक कार्यालय में हुए कन्वेंशन में हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी पर चर्चा के साथ कर्मियों से ड्यूटी नहीं जाने की अपील की गई।

सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल का निर्णय लिया है। इसके तहत यहां एनजेएस सहित 7 यूनियनों की कन्वेंशन केंद्र सरकार के कर्मियों पर कुठाराघात वाली नितियों का विरोध किया गया । यूनियन नेताओं ने बीएसपी के सभी कर्मचारियों व मजदूरों से नौ जुलाई की हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों का विरोध जारी रहेगा क्योंकि 4 नए लेबर कोड से भविष्य में श्रमिकों की स्थिति गुलामों जैसी हो जाएगी । केंद्र सरकार की नीतियों से भविष्य में हम कर्मचारियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल भी नहीं कर पाएंगे । इसीलिए हमें एकजुट होकर सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ना है । एचएमएस महासचिव प्रमोद मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से मालिक एवं मजदूर के बीच की खाई और अधिक बढ़ रही है । सरकार सिर्फ निजीकरण करना चाहती है इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा श्रमिक वर्ग को जागरूक करने की जरूरत है। सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष एसपी डे ने कहा कि अलोकतांत्रिक श्रम संहिता को लोकतांत्रिक आवरण में लपेट कर लाया जा रहा है । सरकार यह बताना चाहती है की नया श्रम कानून श्रमिकों के हित में है लेकिन हकीकत यह है कि वह सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाया जा रहा है

एक्टू महासचिव बृजेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा श्रमिक वर्ग पर जो हमला किया जा रहा है उससे हम एकताबद्ध होकर ही लड़ सकते हैं ।

### बताया- स्थाई नौकरी पर हमला और अभिव्यक्ति पर कुठाराघात

लोईमू महासचिव सुरेंद्र मोहंती ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा जो फिक्स टर्म नौकरी का कॉन्सेप्ट लाया गया है। यह परमानेंट नौकरी पर हमला है । हमें मजदूर वर्ग में वर्गीय चेतना लाने की जरूरत है । स्टील वर्कर्स यूनियन के महासचिव नंदकिशोर गुप्ता व एटक महासचिव विनोद सोनी, सीटू उपाध्यक्ष डीवीएस रेडी एवं लोईमू अध्यक्ष डीके सोनी व अजय कुमार मार्टिन, शिव शंकर सिंह, रेशम राठौर एवं ज्ञानेंद्र पांडेय, विनय कुमार मिश्रा, सीटू से विजय जांगड़े जगन्नाथ त्रिवेदी, डीडीएस रेड्डी अशोक खरकर, एक्टू से बृजेंद्र तिवारी, श्याम कुमार साहू, अशोक कुमार मिरी, रूपेश कुमार, भुवन साहू लोईमू से सुरेंद्र मोहंती आदि यूनियनों के पदाधिकारी शामिल थे।

### निगम का कारनामा : जहां वाटर एटीएम लगाया वहीं कचरा डालने डस्टबिन रख दिया




**भिलाई।** तस्वीर अशरफी चौक वार्ड 49 शहीद भगत सिंह की है, यहां जिस जगह वाटर एटीएम स्थापित किया गया है, वहीं कचरा डालने के लिए डस्टबिन लगा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोग पहले ही पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके बाद निगम द्वारा ऐसी लापरवाही बरती जा रही है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जसप्रीत सिंह ने इसकी शिकायत भी की है, लेकिन डस्टबिन को नहीं हटाया गया है।

## सांस्कृतिक संपदाओं के संरक्षण पर हुई परिचर्चा



**भिलाई।** भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) के दुर्ग भिलाई अध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक संपदाओं का क्षरण व संरक्षण' विषय पर परिचर्चा का आयोजन दुर्ग जिला स्थाई लोक अदालत की अध्यक्ष सुषमा लकड़ा के मुख्यातिथ्य में भिलाई निवास में किया गया। राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला लखनउ के वैज्ञानिक डां.संजय प्रसाद गुप्ता ने व्याख्यान मेंशोधपरक पुरातत्त्वीय महत्व की इमारतों, मंदिरों आदि के क्षरण के कारणों और संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि सुषमा लकड़ा ने पुरातत्व महत्व की संपदाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनों को समझाया 1 संयोजक डॉ. हंसा शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। साहित्यकार शरद कोकास, परदेसी राम वर्मा, रंगकर्मी अनिता व विभाष उपाध्याय, चित्रकार सुनीता वर्मा व महेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र राव, व्यंग्यकार विनोद साव आदि उपस्थित थे। कवि रवि श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन व शिक्षाविद् डॉ. डीएन शर्मा नेसंचालन किया।

# भिलाई-चरोदा निगम में हुआ घटिया काम बह्मनीन और बंधवा तालाब की दीवार ढही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में तालाब सौंदर्यीकरण किया गया। लेकिन पहली बारिश ने निगम की पोल खुलकर रह गई। मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई तीन स्थित बमनीन तालाब की दीवार दोबारा ढह गया है। माह भर के भीतर दूसरी बार इस तरह हुआ है। इस बार बगल के बंधवा तालाब की भी दीवार का बड़ा हिस्सा सुबह भरभरा कर गिर गया। जानकारी लगते ही नगर निगम का अमला पहुंचकर मौका मुआयना कर ठेका एजेंसी को खानापूर्ति के लिए नोटिस जारी किया है। बमनीन तालाब में लगभग 91 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण काम चल रहा है। बंधवा तालाब में भी 92 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण के लिए ठेका एजेंसी को काम दिया गया है। दोनों ही तालाबों का काम अलग अलग ठेका एजेंसी कर रही है। मगर दोनों ही तालाब के निर्माणाधीन दीवारों के ढह जाने से काम विकास कार्यों के गुणवत्ता पर सवाल खडा हो रहा है। भिलाई-चरोदा निगम में लगातार विकास कार्यो में कमीशनखोरी के चलते इस तरह का हाल देखने को मिल रहा है। विकास कार्य करने वाले ठेकेदारों पर निगम के अधिकारियों का सांठगांठ होने से घटिया निर्माण कार्य किए जा रहें है।

- तालाब सौंदर्यीकरण में कमीशनखोरी शिकायत के बाद कार्य एजेंसी को नोटिस



### 21 दिन पहले भी बह्मनीन तालाब की ढही दीवार

16 जून को बह्मनीन तालाब के नवनिर्मित एक तरफ की दीवार बारिश के चलते भरभरा कर गिरा था। इससे नगर निगम की किरकीरी हुई थी। अब बीती रात फिर एक बार बह्मनीन तालाब की ही पुरानी गिरी दीवार के आगे का हिस्सा ढह गई। सोमवार की सुबह बगल के बंधवा तालाब की दीवार का भी बड़ा हिस्सा अचानक गिर गया। नगर निगम के उप अभियंता मुकेश रात्रे के मुताबिक ठेका एजेंसी को नोटिस जारी कर दिया गया है।

### बीएसपीए, एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन की बैठक में सदस्यता बढ़ाने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

संगठन के कार्यालय बाबासाहेब आंबेडकर प्रेरणा स्थल सेक्टर 6 में करीब दो साल बाद बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने की। बैठक में एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने जोर दिया गया। सभी पदाधिकारियों का कहना था कि सभी विभागों में सदस्यता अभियान तेज की जाए। इसके लिए विभागीय कमेटियों का गठन किया जाए। बैठक में अधिकारियों की ग्रेडिंग को लेकर के जो शिकायतें एसोसिएशन को प्राप्त हुई हैं, उस पर भी चर्चा की गई। इससे प्रबंधन को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। इसी तरह सेक्टर 6 में जैतखाम की स्थापना और सेक्टर 5 में बाबासाहेब अंबेडकर संग्रहालय एवं पुस्तकालय का निर्माण एवं शहीद वीर नारायण जयंती स्टेडियम के समक्ष शहीद वीर नारायण की आदमकद कांस्य प्रतिमा स्थापित करने को लेकर सदस्यों ने नाराजगी जताई। कोमल प्रसाद ने कहा कि लंबे संघर्षों के बाद आज हम अपने बाबासाहेब आंबेडकर प्रेरणा स्थल के कार्यालय मे बैठक कर रहे हैं। यह हमारे लिए खुशी का विषय है। उन्होंने कहा कि सेल चेयरमेन और राष्ट्रीय अनुजाति आयोग नई दिल्ली के साथ हमारी जो बैठक होने वाली है, उसमें सभी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में चेतन लाल राना, विजय कुमार रात्रे, वेदप्रकाश सूर्यवंशी, कुमार भारद्वाज, अनिल कुमार खेलवार, परमेश्वर कुर्रे, उत्तम मंडावी, संत ज्ञानेश्वर, कालिदास बघेल, कुंजलाल ठाकुर, यशवंत नेताम, एमएल राय उपस्थित थे।

- अधिकारियों की ग्रेडिंग को लेकर प्राप्त शिकायतों पर की गई चर्चा

# कर्मचारी का घर बना डबरी, हो रही दिक्कत, सीटू ने की राहत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई



बारिश के मौसम के शुरु होते ही टाउनशिप में बीएसपीकर्मियों के पुराने आवासों में जलभराव की समस्या शुरु हो गई है। सेक्टर 4 में एक मकान में पानी घुसने से परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीटू ने नगर सेवा विभाग की लेटलतीफी पर नाराजगी जाहिर करते हुए समस्या के निदान की मांग की है। यूनियन पदाधिकारियों ने नगर प्रशासन सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक को बताया था कि सेक्टर 4 सड़क 27 क्वॉटर 4,A में पानी घर में घुस रहा है पूरा परिवार पानी निकालने की कवायद में जुट जाता है। सेक्टर 4 सिविल विभाग द्वारा सर्वे भी करवा दिया गया था लेकिन इसके बावजूद आज तक कोई मेंटेनेंस नहीं हुआ और परिवार को राहत नहीं मिली है। यह कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है। सीटू पदाधिकारियों ने कहा कि बारिश में जर्जर आवासों में रहने को मजबूर हैं।सीपेज की समस्या से अनेक रहवासी परेशान हैं। संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी मेहनत कर कम्पनी को आगामी लक्ष्य को हासिल करने पूरा ताकत लगा रहा है लेकिन उसका परिवार जिन आवासों में निवास कर रहा है उसके मरम्मत कार्य में तीन महीने का विलंब अनुचित है।

- परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा

### ठेका मजदूर यूनियन इंटक की बैठक में निर्णय

# देशव्यापी हड़ताल में अब ठेका मजदूर भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई




9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल में बीएसपी के ठेका मजदूरों को भी शामिल किए जाने की तैयारी में ठेका मजदूर यूनियनें जुट गई हैं। तैयारी को लेकर सोमवार को स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की कार्यकारिणी की बैठक में सभी मजदूरों को हड़ताल में शामिल होने के निर्णय की जानकारी देते हुए हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया। अध्यक्ष संजय साहू ने बताया केंद्र सरकार द्वारा जो नया श्रम कानून लाया जा रहा है जिसमें यूनियन और श्रमिकों के मूलभूत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है । बीएसपी के उत्पादन एवं रखरखाव और लाभार्जन में ठेका श्रमिकों का विशेष योगदान के बाद भी प्रबंधन श्रमिकों के मांगों को नजर अंदाज कर रहा है। जिससे भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों में आक्रोश है । बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, आर दिनेश, मनोहर लाल, सुरेश, श्याम कुंवर, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, रिखी राम साहू, संतोष ठाकुर, सुरेश दास टंडन, कान्हा, देवेंद्र कुमार, दामन लाल, दौऊलाल, यशवंतयादव मनहरण नारायण नरेंद्र एवं अन्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

### यह हैं प्रमुख मांगें

केंद्र सरकार के नए श्रम कानून को रद्द करने के साथ ठेका श्रमिकों का समय 8 घंटा ही रखा श्रमिकों को बीएसपी के एस-1 का वेतन दिया जाए या 26 हजार रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण हो, केंद्र सरकार का निर्धारित न्यूनतम वेतन को बीएसपी में लागू किया जाए।, व 5% आवास भत्ता दें या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए। संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से आवाजाही और अंदर मोटरसाइकिल जाने की अनुमति प्रदान की जाए। 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए और ठेका प्रारंभ के एक माह पूर्व मेडिकल किया जाए। कैंटीन, सायकल, डस्ट और नाइट एलाउंस दें।

## छग की टीम पंजा कुश्ती के लिए केरल हुई रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

छत्तीसगढ़ की 52 सदस्यीय पंजा कुश्ती टीम में केरल के त्रिसूर में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय पंजा कुश्ती स्पर्धा में भाग लिया। टीम ने विभिन्न आयु वर्गों में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। इसमें सब जूनियर, जूनियर, यूथ, सीनियर, मास्टर और पैरा वर्ग शामिल हैं। टीम में बीएसपी भिलाई के खिलाड़ियों सहित राज्य के 52 खिलाड़ी थे। टीम को कोच श्रवण चौहान, पुरुष टीम कप्तान डॉ. पीयूष प्रकाश शर्मा, महिला टीम कप्तानः परलीन कौर और मैनेजर ऋषभ संतोष हैं। संघ के चेयरमैन बृजमोहन सिंह, अध्यक्ष जी सुरेश पिल्लई, जनरल सेक्रेटरी श्रीकांत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

- 52 सदस्यीय दल त्रिसूर में दिखा रहा दम

# आधा दर्जन वार्ड में अमृत मिशन की पाइपलाइन फूटी, पेयजल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महज दो साल के अंदर ही अमृत मिशन के तहत शहर की पाइप लाइन फूटने की शिकायतें सामने आ रही हैं। हालात यह है कि जल विभाग द्वारा आधा दर्जन से अधिक वार्डों में वाल्व मरम्मत कर काम चलाया जा रहा है। यही कारण है कि सत्तापक्ष कांग्रेस कार्यकाल में हुए निर्माण की शिकायत करने की तैयारी में है।

जानकारी अनुसार दुर्ग में अब तक पद्नाभपुर टंकी, गिरधारी नगर, हनुमान नगर, शक्तिनगर, तांदुला बस स्टैंड की टंकी और बोरसी की टंकी के वाल्व में लगातार खराब सामने आ रही है। जिसके चलते मरम्मत करने निगम का आय दिन शटडाउन करने की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे पेयजल सप्लाई आय दिन बाधित हो रही है। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग नगरनिगम अमृत मिशन का कार्य वर्ष 2023 में पूरा किया गया था। बताया जा रहा है कि, पाइप लाइन मरम्मत का निगरानी ठेका कंपनी द्वारा की जा रही थी। दो साल की अवधि समाप्त होने के बाद अब गडबडी सामने आ रही है। नगरनिगम द्वारा पाइप लाइन मरम्मत करने 6 लाख रूपए की स्वीकृति दी है। जिससे पाइप लाइन मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

## सत्तापक्ष कांग्रेस कार्यकाल में हुए निर्माण की शिकायत करने की तैयारी में

### मिलपारा टंकी के घटिया निर्माण की जांच नही

वार्ड नंबर 38 मिलपारा पानी टंकी का निर्माण अमृत मिशन के तहत किया गया था। पहली टेस्टिंग में ही टंकी से पानी रिसने लगा था। इसकी शिकायत पूर्व पार्षद नीता जैन ने जिला प्रशासन से की थी। वर्तमान में अब तक इस टंकी को इसलिए पूरा नही भरा जा रहा है। क्योकि इसमें लिकेज है। इस मामले की जांच के लिए पूर्व में नगरनिगम और पीएचई विभाग की टीम भी बनाई गई थी। लेकिन अब तक टंकी के घटिया निर्माण मामले में कंपनी पर जांच नही की गई है। जबकि लीपापोती ही कर दी गई।




### सत्तापक्ष राज्य शासन से करेगी शिकायत

जल विभाग के प्रभारी लीना दिनेश देवांगन का कहना है कि, आय दिन अमृत मिशन की टंकी में वाल्व खराब होने की शिकायत सामने आ रही है। उन्होने बताया कि, वर्ष 2023 में निर्माण पूरा हो चुका था। मिशन का कार्य 157 करोड़ रुपए में किया गया था। इस दौरान शहर में 80 फीसदी आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने पाइप लाइन लगाया गया था। लेकिन दो साल में ही पोल खुल गई है। उनका कहना हैं कि, अमृत मिशन के कार्य की जांच करने राज्य शासन को पत्र लिखा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### तीन दिवसीय भ्रमण कर लौटा प्रतिनिधि मंडल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक शिव चन्द्राकर के नेतृत्व में दुर्ग से प्रतिनिधि मंडल गोवा प्रदेश के जलवायु व पर्यावरण का अवलोकन करने तीन दिवसीय भ्रमण पर गोवा के सुदूर अंचल तक गए थे। उन्होने मछुआरा जातियों के जीवन के रहन-सहन को करीब से अनुभव करना तथा 131 एकड़ में दुर्लभ मसाले की खेती व जंगल का भ्रमण किया गया। साथ ही गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री स्व. मनोहर पारीकर की समाधि पर माल्यार्पण व उनके परिवार वालों से भेंट मुलाकात किया गया। यात्रा के अंतिम दिवस तय कार्यक्रम अनुसार गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से भेंट मुलाकात कर गोवा प्रदेश के अनुभव को हम लोगों ने साझा किया। भ्रमण दल में आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक शिव चन्द्राकर, प्रदेश कार्यालय सह मंत्री संजय सिंह, जिला आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक व चैंबर ऑफ़ कॉमर्स दुर्ग जिला के अध्यक्ष अनूप गटागट, मनोज अग्रवाल, अजय चन्द्राकर, मनोज दानी, अमर भोई, अनिल साहू, रामकुमार ठाकुर, ईश्वरी देवांगन, रावेंद्र मिश्रा, अज्जू कुरैशी, नंदकिशोर शर्मा शामिल थे।

### केपीएस में ग्लोबल विलेज प्रदर्शनी



**दुर्ग।** कृष्णा पब्लिक स्कूल, दुर्ग में ग्लोबल विलेज प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता, वैश्विक ज्ञान और छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को दर्शाने वाला एक अनूठा प्रयास रहा। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न देशों की संस्कृति, परंपराओं, पहनावे, खान-पान, कला, शिल्प, नृत्य और संगीत को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में लगे मॉडल, चार्ट, पारंपरिक व्यंजन और देश विशेष पर आधारित गतिविधियाँ सभी आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। प्राचार्य ने बताया इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना, विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सम्मान और समझ पैदा करना है।

### डॉ. कश्यप हुए सेवानिवृत्त प्राध्यापकों ने किया सम्मानित

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में पदस्थ रहे इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) के अध्ययन केन्द्र के पूर्व समन्वयक डॉ. अनिल कश्यप सेवानिवृत्त हुए। उनके सेवानिवृत्ति पर कॉलेज के प्राध्यापकों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, वर्तमान समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना, सहायक समन्वयक डॉ. जीएस ठाकुर, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. एके खान, डॉ. अनुपमा कश्यप, संजय यादव, राधे लाल यादव सहित अन्य मौजूद थे। डॉ. कश्यप को स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गयया। नए समन्वयक डॉ. अमिनेष सुराना का स्वागत किया गया। सहायक समन्वयक डॉ. जीएस ठाकुर ने बताया कि डॉ. कश्यप 2012 से लेकर 25 फरवरी 2025 तक मुख्य समन्वयक रहे, वहीं डॉ. अभिनेष सुराना ने 6 मई 2025 को कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. सुराना ने कहा कि वे इग्नू अध्ययन केन्द्र को उंचाई पर ले जाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

### डिजिटल फ्रॉड और साइबर क्राइम से बचने रहें अवेयर

**दुर्ग।** यंग इंडियन्स दुर्ग चैप्टर द्वारा लर्निंग वर्टिकल अंतर्गत वाईआई सदस्यों के अभिभावकों के लिए व्हाट्सएप सुरक्षा और डिजिटल धोखाधड़ी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग थे। उन्होंने साइबर अपराधों से जुड़े कई वास्तविक उदाहरण साझा किए। इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सजगता, जागरूकता और समय पर कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

## गड़बड़ी : एक का इंक्रीमेंट और दूसरे की उपादान राशि रोकी

# आवास ऋण घोटाले में मुरमुंदा और देवकर शाखा प्रबंधक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधीन आने वाले बेमेतरा के देवकर और दुर्ग के मुरमुंदा शाखा प्रबंधक पर कार्रवाई की गाज गिरी है। बैंक ने आवास ऋण घोटाले की जांच में दोनों तत्कालीन शाखा प्रबंधक को दोषी पाया है। इस जांच रिपोर्ट के अनुसार कलेक्टर अभिजीत सिंह की अनुशंसा पर देवकर के शाखा प्रबंधक रहे राकेश सैनिक का दो इंक्रीमेंट और मुरमुंदा शाखा प्रबंधक रहे राजेन्द्र शर्मा के रिटायरमेंट के बाद जारी होने वाले उपादान राशि रोकने की कार्रवाई की गई है। दोनो शाखा में आवास ऋण मामले में 19 लाख की गडबडी मिली थी।

हांलाकि दोनो शाखा प्रबंधक पर की गई कार्यवाही खानापूर्ति तक सिमट गई है। बडी बात यह है कि, लोन राशि की रिकवरी नही होने से बैंक को नुकसान हुआ है, जिसकी रिकवरी अब तक नही हो पाई हैं। उल्लेखनीय है कि, हरिभूमि द्वारा ही बेमेतरा के नवागढ शाखा में करीब 75 लाख के आवास ऋण घोटाले का मामला उठाया था। इस मामले में बेमेतरा के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इंजीनियर एसके निवसरकर और विकासधर और शक्तिधर दीवान के खिलाफ थाने में एफआईआर कराई थी। ठीक इसी तरह का मामला बेमेतरा के देवकर शाखा में हुआ था। इस प्रकरण में लोनी अशोक शर्मा पिता भगवती शर्मा जामगांव को 15 लाख रूपए जारी कर दिया गया था, इस मामले की जांच तत्कालीन शाखा प्रबंधक केके नायक के निर्देश पर जांच अधिकारी एसके निवसरकर ने जांच की थी। इसमें 24 सौ वर्गफीट आवास बताकर पन्द्रह लाख लोन लिया गया था। जबकि जांच में मौके पर सिर्फ 668.47 वर्गफीट ही आवास पाया गया था, जिसमें सिर्फ चार लाख खर्च करना पाया गया, इसमें 11 लाख की गडबडी पाई गई। इस मामले में शाखा प्रबंधक रहे राकेश सैनिक को दोषी पाया गया था, वर्तमान में वे नगपुरा में शाखा प्रबंधक है। इनकी सिर्फ दो इंक्रीमेंट रोकी गई।

## देवकर में 11 लाख और मुरमुंदा शाखा में आठ लाख की हुई थी गड़बड़ी




### मुरमुंदा शाखा में इस तरह हुई थी गड़बड़ी

दुर्ग के शाखा मुरमुंदा में भी तत्कालीन शाखा प्रबंधक दिनेश वर्मा ने जांच की थी। जिसमें ऋणी अजय कुमार टोकेकर पिता नारायण राव टोकेकर द्वारा 2400 वर्गफीट की जमीन बताकर 12 लाख रूपए निकाल लिए थे। जबकि जांच में पता चला कि, इनके द्वारा मकान में सिर्फ 4 लाख 89 रूपए 715.50 वर्गफीट पर खर्च किए गए। इनके द्वारा करीब 8 लाख राशि ढकार कर खाता को एनपीए किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक राजेन्द्र शर्मा को खाता एनपीए होने पर दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में बोरसी शाखा प्रबंधक है।

### दो कलेक्टरों की कार्रवाई अलग-अलग, ऐसे समझे

बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा ने तत्कालीन दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी (प्राधिकृत अधिकारी) की अनुशंसा पर नवागढ थाने में इंजीनियर एसके निवसरकर और दो लोनी पर एफआईआर दर्ज कराया था। यही मामला देवकर और मुरमुंदा का है, जिसमें वर्तमान में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह जो प्राधिकृत अधिकारी है। उन्होने देवकर में राकेश सैनिक का दो इक्रीमेंट रोका और मुरमुंदा के राजेन्द्र शर्मा का उपादान राशि रोकी है, जो रिटायर्ड हो गए है। जबकि इससे ज्यादा गडबडी देवकर में हुई है, उनका सिर्फ दो इक्रीमेंट रोका है, जो महज 10-15 हजार ही होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि, डूबत राशि की वसूली कैसे होगी।

### पहले भी उपादान रोकी कोर्ट से मिल गई राहत

सूत्रों ने बताया कि, नगपुरा ब्रांच में एक करोड का घोटाला हुआ था। उस दौरान दोषी पाए गए गजाधर साहू लेबर कोर्ट गए थे। जिसके बाद उनकी उपादान राशि जारी कर दी गई थी। जानकरो की माने तो उपादान राशि रोकने का कोई नियम ही नही है। ऐसे में प्राधिकृत अधिकारी के कार्यवाही पर सवाल उठ रहे है। सवाल इस बात की है दोनो शाखा में 19 लाख की गडबडी हुई है, जिसकी रिकवरी करने कोई प्रयास नही किया गया।

### लोनी का चेक बाउंस कोर्ट में लगे प्रकरण

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सीईओ एके जोशी ने बताया कि, दोनो शाखा में लोनी से रिकवरी की कार्यवाही की गई है। उनका कहना है कि, दोनो से चेक लिया गया था। लेकिन बाउंस होने के बाद प्रकरण सिविल कोर्ट में लगाया गया है। उन्होने बताया कि, देवकर शाखा में लोनी अशोक कुमार पिता भगवती प्रसाद शर्मा जामगांव और मुरमुंदा में लोनी अजय कुमार टोकेकर पिता नारायण राव टोकेकर का चेक बाउंस मामले में कोर्ट में प्रकरण चल रहे है।

**कार्रवाई की गई**

देवकर शाखा प्रबंधक का दो इंक्रीमेंट और मुरमुंदा के मामले में उपादान की राशि रोकी गई है। लोनी से रिकवरी के लिए चेक लिया गया था, बाउंस होने के बाद सिविल कोर्ट में प्रकरण लगाया गया है।
**-एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक

# ठेकेदारों के भरोसे न रहे फील्ड पर करें मॉनिटरिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मेयर अलका बाघमार ने इंजीनियरों को सौंपे नए प्रभार वाले वार्डों की जिम्मेदारी मिलने के बाद मेयर

- मेयर ने अधिकारियों की ली बैठक, दिए निर्देश

अलका बाघमार ने इंजीनियरों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो में तेजी लाने बारी-बारी कार्यो की जानकारी ली। मेयर ने कहा वार्डो के भीतर जर्जर सड़को मे डस्टफीलिंग डालने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश।

मेयर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि बिना लेआउट स्वीकृति के भवन अनुज्ञा नही प्राप्त होगी। अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही होगी। बैठक में अधिकारी भी विकास कार्यो को लेकर गंभीरता दिखाए अधिकारी फील्ड मे जाकर निरीक्षण करेंगे। ठेकेदारो के भरोसे कार्यो को ना करवाये, शहर में चल रहे विकास कार्यो को जल्द पुरा कराए। शहर क्षेत्र के वार्डो के भीतर सड़क में पानी भराव की स्थिति ना हो उसको ध्यान मे रखते हुए कच्ची सड़क से पानी निकासी हेतु नाली की व्यवस्था बनाए। जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के पालन को लेकर सख्ती के निर्देश दिए गए। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पहले से अनिवार्य है, लेकिन नगर निगम द्वारा अब इसे लेकर सख्ती बरती जाएगी।

### बगैर सत्यापन नहीं मिलेगी पूर्णता प्रमाण पत्र

मेयर ने कहा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के सत्यापन के बिना, किसी भी भवनों को पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा। ठेकेदार समयसीमा में पूर्ण नहीं करते तो नियमानुसार उनके टेंडरों को निरस्त कर ब्लेक लिस्ट करने की कार्यवाही की जाएगी। मेयर ने कहा कि जिस भी काम्प्लेक्स में अंडर ग्राउंड पार्किंग को बंद किये हैं उसकी जांच कर कार्यवाही किया जाएगा। उन्होंने कहा जो भी महत्वपूर्ण कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें समय रहते पूरा किया जाना है। प्रत्येक वार्ड में स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत कार्य, आप्रारंभ कार्य के विषय में जानकारी ली। इस अवसर पर उपअभियंता हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, अर्पणा मिश्रा, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे मौजूद रहें।

# प्रधानपाठक पद पर वरिष्ठता प्रदान कर प्राचार्य पद की संशोधित पदोन्नति सूची जारी करने की मांग



**भिलाई।** प्रदेश के सैकड़ों व्याख्याता शिक्षक जो प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला से पदोन्नत होकर व्याख्याता बने हैं और जो स्नातकोत्तर एवं प्रशिक्षित हैं, उन्होंने शिक्षा सचिव और संचालक को आवेदन देकर न्यायालय के पारित आदेश के पालन में एच एम पद से वरिष्ठता देकर विगत 30 अप्रेल को जारी प्राचार्य पदोन्नति आदेश में शामिल कर संशोधित पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में अवगत कराया है कि छग उच्च न्यायालय ने अपने पारित आदेश दिनांक 9 मार्च 2023 को यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि छग स्कूली शिक्षा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग नियम 2019 के नियम 15(1) अल्ट्रावायरस है और उन्होंने इसे संशोधन करने का निर्देश दिया था परन्तु इसे बिना संशोधित किए पदोन्नति आदेश जारी कर दिया गया है इससे प्रदेश के सैकड़ों वरिष्ठ पात्र व्याख्याता पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं न्यायालय के वर्तमान पारित आदेश दिनांक 1 जुलाई 2025 में भी न्यायालय ने इस नियम को संशोधन करने के अपने पूर्व आदेश पर सहमति दिया है इस संबंध में दुर्ग सांसद विजय बघेल और छग प्रदेश शिक्षक संघ ने भी शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर न्यायालय के पारित आदेश का पालन करने की मांग करते हुए संशोधित पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की है। प्रभावित व्याख्याताओं ने यह भी बताया कि पदोन्नति आदेश जारी करने के पहले व्याख्याता संवर्ग की स्नातकोत्तर एवं प्रशिक्षित प्रधान पाठक के पद पर वरिष्ठता प्रदान कर वरिष्ठता सूची जारी नहीं किया है।

# जर्जर सड़क और अतिक्रमण से बढ़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 80 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अतिक्रमण के भी आवेदन सामने आए, जिसे लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया हैं।

शिवपारा वार्ड क्रमांक 38 के निवासी ने अपने क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि, वार्डवासी द्वारा उनके निवास मकान के सामने अतिक्रमण कर भैसांपुर चबूतरा का निर्माण कर लिया गया है। जहां नियमित रूप से पशु बलि जैसी गतिविधियाँ की जाती हैं। इस चबूतरे के कारण आम रास्ता बाधित हो रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। संकरी सड़क और धार्मिक गतिविधियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। आवेदक ने भैसांपुर चबूतरे को हटाकर किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने के लिए



आवेदन दिया। राजीव नगर वार्ड क्रमांक 4 के वार्डवासियों ने बताया कि बारिश में जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि, क्षेत्र की तीन प्रमुख नालियाँ वार्ड 2 (शिव नगर), वार्ड 4 (राजीव नगर), और वार्ड 3 (मठपारा) की निकासी का पानी नया आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्थित एक संकीर्ण नाली में मिलती हैं। यह नाली मोहल्ले की महिला के घर के बगल से होकर गुजरती है, महज 3 फीट चौड़ी है, जबकि इससे जुड़ने वाली नालियां इससे कहीं अधिक चौड़ी हैं। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### खराब सड़कों की मरम्मत को लेकर शिकायत

वार्ड 58 के पूर्व पार्षद ने सड़क जीर्णोद्धार के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि, उरला क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई सड़क, जो चंडी चौक से होकर नदी रोड होते हुए उरला तक जाती है। बजरंग होटल से बजरंग पारा तक की सड़के खराब है। यह सड़क इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि प्रतिदिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। यह मार्ग न केवल क्षेत्रीय नागरिकों के लिए, बल्कि उरला हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए भी मुख्य रास्ता है। छात्राएं आए दिन इस जर्जर सड़क से स्कूल आना-जाना करते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा बना रहता है। रात के समय बेलौदी, मालूद और आसपास के गांवों के राहगीर आवागमन करते हैं।

## चित्रात्मक पुस्तकों और कार्य पुस्तिकाओं से पढ़ाई को बनाया गया है रोचक

# पहली से तीसरी के बच्चों की आधुनिक तकनीक से पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

देशभर में प्रारंभिक बाल शिक्षा को मजबूती देने वाले निपुण भारत मिशन की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर एक संस्था जो वर्ष 2020 से बाल शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एक प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संस्था है, ने विगत दिन जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय, बोरिगारका में अपनी पहली स्तंभशाला का शुभारंभ किया। यह पहल ग्रामीण भारत में गुणवत्तापूर्ण और मूलभूत शिक्षा को बच्चों तक सुलभ कराने की दिशा में एक मील का पत्थर मानी जा रही है।

- बुनियादी शिक्षा की ओर एक मजबूत कदम

स्तंभशाला एक विशेष रूप से डिज़ाइन की गई कक्षा है, इस कक्षा को आधुनिक तकनीकी और शिक्षण उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। स्मार्ट एलईडी टीवी के माध्यम से बच्चों को ऑडियो-विजुअल माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी। रिच प्रिंट स्टडी मैटेरियल, चार्ट्स, चित्रात्मक पुस्तकों और कार्यपुस्तिकाओं से बच्चों की पढ़ाई को रोचक और प्रभावशाली बनाया गया है। फन लर्निंग एक्टिविटी किट और शैक्षिक खिलौनों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नंदलाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि श्रद्धा साहू सभापति, जिपं. दुर्ग, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, ग्राम सरपंच चुम्मन यादव संकुल प्रिंसिपल जांगड़े उपस्थित थे।



### बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

टीम सदस्य अनुराग शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले 2.5 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और अब वह दुर्ग जिले के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ में अपने प्रयासों का विस्तार करने की योजना बना रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसमें देशभक्ति गीत, कविता पाठ और समूह नृत्य प्रमुख रहे।

### तीसरे तक हर विधा में निपुण होंगे

मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने कहा कि "स्तंभशाला जैसी पहल देश की बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। यह समय की आवश्यकता है कि हम बच्चों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा में सशक्त बनाएं। निपुण भारत मिशन का उद्देश्य भी यही है कि, 2026 तक हर बच्चा कक्षा 3 के अंत तक पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणितीय कौशल में निपुण हो। संस्था के अध्यक्ष प्रतीक ठाकरे ने बताया कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों की सहायता से एक विशेष पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम बच्चों की सीखने की क्षमता, रुचि और सीखने की गति के अनुरूप अनुकूलित है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा को बोझ नहीं, बल्कि एक आनंदमयी अनुभव बनाना है। स्तंभशाला के माध्यम से हम बच्चों के अंदर सीखने की जिज्ञासा जगाने का प्रयास कर रहे हैं। यह हमारी पहली कक्षा है, और आने वाले महीनों में हम अन्य स्कूलों में भी इस मॉडल को लागू करेंगे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### बीजाभांठा में मनाया गया सचिव दिवस

**डोंगरगांव।** ब्लाक पंचायत सचिव संघ ने 7 जुलाई को ग्राम पंचायत बीजाभाठा में सचिव दिवस मनाया। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने सचिव की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए सभी से अपने दायित्व का निर्वहन करने प्रेरित किया ताकि लोगों की अपेक्षा पूरी हो सके। कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष रामदुलार साहू, संरक्षक डेरहादास साहू, दौआराम साहू, पूनम साहू, चमन साहू, वीरेंद्र साहू, योगेश साहू, मुकेश देवांगन, डेमन साहू, कोमल साहू, गंगाप्रसाद साहू, ऐवेंद्र साहू, ज्योति यादव, मोनिका खत्री, डुलन ठाकुर, मिथलेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### अवैध कारोबार फिर शुरू

**डोंगरगढ़।** बोरतलाव थाना क्षेत्र इन दिनों जुआ, सटटा और शराब के कारोबार को लेकर सुर्खियों में है। बोरतलाब मार्ग से शराब और मवेशी तस्करी हो रही है। बोरतलाव स्थित सरकारी शराब दुकान से कोचियों को गांव में बेचने के लिए शराब सप्लाई किया जा रहा है। बोरतलाव क्षेत्र में चल रही इन गतिविधियों की शिकायत के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को कार्यवाही करने की पत्र लिखा था जिसके बाद अवैध करोबार पर कुछ अंकुश लगा था किन्तु थानेदार पर कार्रवाई नहीं हुई और उनका स्थानांतरण डोंगरगढ़ कर दिया गया। इस विभागीय कार्यवाही के बाद अवैध कारोबार का संचालन फिर शुरू हो गया है। बोरतलाव क्षेत्र में बडे पैमाने में जुआ फड़ सजने लगा। बताया जाता है कि रोजाना लाखों का दांव लग रहा है।

### युवाओं की बैठक 12 को

**बांधाबाजार।** युवा गोंडवाना प्रभाग अंबागढ़ चौकी की बैठक आगामी 12 जुलाई को रखा गया है। यह जानकारी गोंड महासभा जिला अध्यक्ष युवराज नेताम ने देते हुए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से शामिल होने की अपील की है।

### दैहान सड़क का हाल बेहाल

**बांधाबाजार।** दैहान सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब है। जादूटोला से गुजरने वाली इस सड़क पर कीचड़ और गड्डे होने से पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है जिसमें ग्रामीण परेशान है। सड़क की हालत को देखते हुए ग्रामीण वर्षों से मरम्मत की मांग कर रहे हैं किंतु प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। सड़क का डामर उखड़ने क बाद केवल गिट्टी और पत्थर दिखाई देने लगा है। सड़क के गड्ढो में बरसाती पानी भरे रहने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का उपयोग सबसे ज्यादा ग्रामीण और बच्चे करते हैं। इसी सड़क से सफर कर बच्चे जादूटोला पढ़ाई करने आते हैं जो आए दिन गिरते रहते हैं। अंचल के ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

### पानी भरने से स्टेडियम बना तालाब

**डोंगरगढ़।** पूर्व मंत्री धनेश पटिला के कार्यकाल में नेहरू कॉलेज ग्राउंड को व्यवस्थित करने की पहल की गई थी। लाखों रूपए खर्च कर स्टेडियम का स्वरूप देने के साथ युवाओं के खेलने, बुजुर्गों के व्यायाम करने का प्रबंध किया गया था। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता नवाज खान के प्रयास से ओपन जीम, व्यायाम, मनोरंजन के साधन की व्यवस्था कर ग्राउंड को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया। अब स्टेडियम की देखरेख नहीं होने से सामाग्रियों की चोरी हो रही है साथ ही स्टेडियम की सुंदरता भी नष्ट हो रही है। बारिश होने के बाद पूरा स्टेडियम तालाब में तब्दील हो गया है। बताया जाता है कि पानी निवासी की व्यवस्था नहीं होने से यह स्थिति बनी है।

### सोसायटी में किया पौधारोपण

**एलबी नगर।** सेवा सहकारी समिति रामाटोला में सहकारिता दिवस के अवसर पर छायादार कदम, पीपल, नीम के पौधे का रोपण किया गया। पौधरोपण के दौरान मंडल भाजपा के पूर्व महामंत्री रामाधीन देवांगन, किशन कंवर, खुलाश ठाकुर, पंवी बोरकर, तारम, नरेश वर्मा, टिकेश्वर, सुनील ताम्रकार, श्री यादव सहित अन्य मौजूद थे।

---

**बैठक : ऑनलाइन प्रशिक्षण में शिक्षक अपने स्कूल में सेवा देते हुए जुड़ेंगे**

# आज से शुरू होगा ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण, डाइट प्राचार्य की अध्यक्षता में बनी विस्तृत कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- दोनों तरह के प्रशिक्षण की लगातार होगी मानीटीरिंग
- ऑफलाइन प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक विकासखंड में बनाए गये तीन जोन

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चारों विकास खंड के बीईओ, बीआरसी, डीआरजी की एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें विकासखंड स्तर पर 9 जुलाई से शुरु होने वाले आनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई और प्रशिक्षण के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई गई।

प्राचार्य डाइट जे के घृतलहरे ने बताया कि 9 जुलाई से विकासखंड स्तर पर तीन जोन पर होने वाला प्रशिक्षण पहले पांच दिन आनलाइन होगा और इसके पश्चात ऑनलाइन होगा। ऑनलाइन प्रशिक्षण में शिक्षक अपने विद्यालय में ही सेवा देते हुए ऑनलाइन जुड़ेंगे। केवल ऑफलाइन प्रशिक्षण में ही जो विकासखंड में तीन जोन बनाकर दिया जाएगा। उसी में अपने जोन में जाकर प्रशिक्षण लेना होगा। बेमेतरा जिले के प्राथमिक शालाओं में नवागढ़ विकासखंड में 587, बेरला विकासखंड में 532, साजा विकासखंड में 550 और बेमेतरा विकासखंड में 580 शिक्षक कार्यरत है। जिन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण को प्रत्येक विकासखण्ड में 3 जोन में विभाजित कर किया जाएगा। इस बैठक में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बीईओ, बीआरसी से कहा कि संख्या के आधार पर कार्य योजना तैयार कर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न करावे। ऑनलाइन प्रशिक्षण 9 जुलाई से प्रारंभ होगा और यह पांच दिवसीय होगा। प्रत्येक विकासखंड में तीन जोन बनाकर यह प्रशिक्षण आयोजित होगा। प्रत्येक विकासखण्ड में 9 बीआरजी का नाम प्रशिक्षण के चयन किया गया है और प्रत्येक जोन के लिए 3 बीआरजी की व्यवस्था की गई है। सभी बीआरजी को डीआरजी के द्वारा डाइट बेमेतरा में बहुत सुंदर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आफलाईन प्रशिक्षण के लिए ऐसे केन्द्रों का चयन किया जाए, जहां प्रोजेक्टर एवं प्रशिक्षण हेतु अन्य सुविधा उपलब्ध हो।

बीईओ, बीआरसी स्वयं जाकर एक बार प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर लेंवे। बेमेतरा विकासखंड में शासकीय बालक उ मा वि दाढ़ी, शा उ मा वि बावा मोहतरा, और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह बेरला विकासखंड में बेरला बीआरसी भवन, सेजेस देवरबीजा और शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भिभौंरी, साजा विकासखंड में सेजेस परपोड़ी, बीआरसी भवन साजा और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागाँव कला में तथा नवागढ़ में बीआरसी भवन नवागढ़, हाईस्कूल पुटपुरा और हाईस्कूल मेहना में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।ऑनलाइन प्रशिक्षण में कक्षा पहिली, दूसरी, तीसरी कक्षा पढ़ाने वाले सभी शिक्षक जुड़ेंगे। इसी तरह आफलाईन प्रशिक्षण में कक्षा एक से पांच तक पढ़ाने वाले समस्त शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जिसे पूरी गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। समस्त बीईओ, बीआरसी उक्त प्रशिक्षण की आनलाइन एवं आफलाईन दोनों की निरंतर मानीटीरिंग करेंगे। ऑनलाइन प्रशिक्षण में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे एवं एफएलएन प्रभारी उषा किरण पांडेय भी जुड़ेंगे। डाइट के प्राचार्य सहित सभी अकादमिक सदस्य भी प्रशिक्षण की निरीक्षण करेंगे। इस बैठक में डाइट प्राचार्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सभी शिक्षकों कि प्रशिक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करना विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का दायित्व होगा। विकास खण्ड मे जोन स्तर में होने वाले आनलाइन प्रशिक्षण का समय प्रातः 12 बजे से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिसमें कक्षा पहिली, दूसरी, और तीसरी पढ़ाने वाले शिक्षक अनिवार्य रूप से जुड़ेंगे। ऑनलाइन प्रशिक्षण में जुड़ने वाले शिक्षकों की लगातार मॉनिटरिंग की जावेगी एवं उपस्थित ली जावेगी। दोनों तरह के प्रशिक्षण में डीआरजी सूरज कुंजाम बेरला विकासखंड की मॉनिटरिंग करेंगे। डीआरजी गिरिजा पटेल साजा विकासखंड की, डीआरजी यामिनी बर्मन नवागढ़ तथा डीआरजी निर्मला सिंह बेमेतरा विकासखंड की सघन मानीटीरिंग करेंगे। और प्रतिवेदन डाइट प्राचार्य को सौंपेंगे।



**ये रहे उपस्थित**

आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में बीईओ नवागढ़ लोकनाथ बांधे, बीईओ बेमेतरा अरुण कुमार खरे, बेरला से बीआरसी खोम लाल साहू एवं साजा विकासखण्ड से बीआरसी बी डी बघेल, बेमेतरा से बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, नवागढ़ विकासखण्ड से बीआरसी जगजीवन राम साहू सहित डाइट बेमेतरा से वरिष्ठ व्याख्याता और एफएलएन प्रभारी उषा किरण पाण्डेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, डीआरजी सूरज कुंजाम, गिरिजा पटेल, यामिनी बर्मन, निर्मला साहू, बीआरजी के रूप में शांत कुमार पटेल, राधेश्याम बैस, पूर्णानन्द तिवारी, संजय मस्तके, रामप्रसाद साहू, कमलेश कुमार साहू उपस्थित थे।

---

**पेड़ पौधों से हमें प्राप्त होती है लकड़ी, छाया, फल, फूल और औषधि**

## बीजागोड़ स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाये गये अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखण्ड साजा में वृक्षारोपण किया गया। वन महोत्सव के उपलक्ष्य में शाला परिवार ने मिलकर अपने अपने नाम से फलदार और फुलदार पेड़ कनेर, अशोक, ऑवला, आम, जाम, कटहल, नींबू, बेला, गेंदा, गुड़हल, गुलाब तथा मीठा नीम जैसे छायादार और फलदार पेड़ लगाए ।

नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने जनमानस को भी एक पेड़ माँ के नाम लगाने के प्रधानमंत्री के संदेश को जन जन तक पहुँचाने की अपील की। कुछ दिन पहले ही संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास ने भी अपने जन्म दिवस पर विद्यालय में पौधारोपण किया। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार इन वृक्षों में देवताओं का वास होता है। तभी तो तुलसी, ऑवला के वृक्ष की घरों में पूजा की जाती है। वृक्षों के महत्व पर बच्चों से चर्चा करते हुये कहा कि कनेर के फूल पूजा में काम आते हैं यह कई रंगों में पाया जाता है इसके फूलों से हम बहुत सुंदर रंगोली बनाते है और साज श्रृंगार में उपयोग करते हैं। ऑवला नवमी में आँवले के पेड़ की पूजा करते है तथा उसके नीचे बैठ भोजन करने की पौराणिक कथाओं में वर्णन है।



ऐसा करने से बहुत पुण्य की प्राप्ति होती है। नींबू तथा मीठा नीम भोजन में स्वाद बढ़ाने के काम आता है। इसके साथ ही हमें पेड़ों से हमें फल, फूल, लकड़ी, छाया और औषधि मिलती है। पेड़ भूमि संरक्षण में भी सहायक है। साथ ही विभिन्न जीव जंतुओं के आश्रयदाता भी होते हैं। शाला के प्रधान पाठक विशेषर नेताम एवं शाला परिवार ने पर्यावरण के प्रति लगाव एवं पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेकर जनमानस को एक सुंदर प्रेरणा दी।

## बेमेतरा की 23 ग्राम पंचायतों में होगा वृहद पौधारोपण

- एक पौधा मां के नाम अभियान को मिलेगा ग्रामीणों का साथ
- पंचायत स्तर पर किया जा रहा पर्यावरण प्रेमी संगठन का गठन

**बेमेतरा।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पौधा माँ के नाम को जन अभियान का रूप देने पर्यावरण प्रेमी संगठन बेमेतरा द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में जिले की 23 ग्राम पंचायतों में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर पर पर्यावरण प्रेमी संगठन (पीपीएस) का गठन शुरू हो गया है। संगठन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत तुमा में मनीष साहू को पीपीएस का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही कृष्णा साहू, साजर साहू व इन्द्रजीत साहू को सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री साहू के अनुसार तुमा की तर्ज पर राका, झलमला, कुरूद पेंड्री, किरतपुर, खमरिया, टेमरी, तिवरैया, रवेली, जोम नया, जेवरा, पथर्रा, बसनी, मटका, चोरभट्ठी, गुनरबोड, ताला, ढोकला, कुसमी, बालसमुंद, भैंसा, बनसूली और बेमेतरा शहर में भी शीघ्र ही संगठन का गठन किया जाएगा।



**1000 आम की गुठलियों से तैयार होंगे पौधे:** पर्यावरण जागरूकता को लेकर हाल ही में राजधानी रायपुर से प्रकृति की ओर सोसायटी के संस्थापक मोहन वल्यानी ने बेमेतरा पहुंचकर संगठन को विभिन्न प्रजातियों के 1,000 आम की गुठलियाँ सौंपी थीं। संगठन इन गुठलियों को अंकुरित कर पौधे तैयार कर ग्राम पंचायतों में वितरित करेगा।

संगठन के सदस्य गणेश सेठ ने बताया कि पौधों को तैयार करने के लिए वन विभाग के एसडीओ श्री दुबे ने पॉलिथीन बैग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। कुछ गुठलियों को पॉलिथीन में और कुछ को सीधे जमीन में रोपित कर तैयार किया जाएगा। इसके लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## राधा कृष्ण जमात मंदिर में 10 को मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा उत्सव



**थानखम्हरिया।** श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वाधान में 10 जुलाई को नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर में महंत वसंत बिहारी दास के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन रखा गया है। समय दोपहर 3:00 से 6:00 बजे कार्यक्रम में मां दंतेश्वरी मानस महिला मंडली, महिला स्वसहायता समूह की मातृ शक्तियों के द्वारा भजन मानस गान के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी जाएगी।

इस अवसर पर चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर श्री जगतगुरु, श्री रामानंद आचार्य स्वामी, श्री रामस्वरूप आचार्य जी की कृपा पात्र शिष्या सुश्री विद्या दुबे जी का भी आगमन होगा। इनका आशीर्वचन भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल से श्रद्धालु पहुंचेंगे। भेंट वार्ता के दौरान महंत वसंत बिहारी दास ने गुरु के महत्व बताते हुए, कहा गुरु पूर्णिमा हिंदू, बौद्ध और जैन में मनाया जाने वाला एक पर्व है। जो गुरुओं को समर्पित होता है। यह दिन उन गुरुओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का है, जो हमारे जीवन का ज्ञान सत्य मार्गदर्शन से आलोकित करते हैं। इस प्रकार गुरु पूर्णिमा का दिन इस दिव्य सम्मान देने का होता है। जो शिष्य गुरु के बीच होता है।

**गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर गुरु आश्रम पुल्लिमामिडी पहुंचा जत्था**

## बेरला के गुरु परिवार की 845 किमी लंबी साइकिल पालखी यात्रा हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला के बेरला ब्लॉक अंतर्गत सोढ़ के निखिल साधनाधाम के गुरू परिवार द्वारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर में अपने पूज्य गुरूदेव की साधना स्थली श्री निखिल चेतना केन्द्र पुलिमामीडी, हैदराबाद (तेलंगाना) में सम्मिलित होने साईकिल पालखी यात्रा के माध्यम से 10 दिनों में 845 किमी की दूरी पूरी कर ली गयी है। जिसमे गुरू परिवार द्वारा यह साईकिल पालखी यात्रा विगत सात वर्षों से अनवरत की जा रही है।

गुरू परिवार यह यात्रा अपने क्षेत्र में सनातन धर्म की महत्व को बनाए रखते हुए क्षेत्र की, सर्वांगीण विकास के लिए अपने गुरू के श्री चरणो में नमस्कार करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जाता है। साईकिल पालखी यात्रा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र होते हुए तेलंगाना पहुचे है, सभी सदस्यों द्वारा यात्राकाल में जंगलों पहाड़ों से गुजरते समय गुरूदेव के आशीर्वाद से किसी भी व्यवधान का सामना नहीं करना पड़ता है।



**ये हुए सम्मिलित:** दरअसल इस निखिल साधना धाम परिवार सोढ़ से सुरेंद्र रावत, नारद साहू, रामस्वरूप साहू, देवेंद्र, हेमलाल, विजय, कोषमान रावत, नगर बेरला से रवि निर्मालकर, निर्मल सिन्हा, मोहन यादव, झम्मन, मार्शल साहू, संतोष सिन्हा, गणेश, गोलू यादव, दादू यादव, गोलू साहू, दुलेश्व धीवर, मनीष भोई, गंगाराम सिवारे, गट्टू साहू, संदीप सोनी, ईशांत देवांगन, शिवझड़ी सिन्हा, राजेश साहू, ईरा राजनांदगांव, से राजू साहू, लक्ष्मी निषाद, मनोज निषाद, गोरेलाल निषाद, धीरज विश्वकर्मा, हितेश साहू, हतपान से, पप्पू साहू केवल साहू, जुनवानी(भिलाई) से झुमलाल यादव, रायपुर से राजेंद्र निर्मलकर, बारगांव से कौशल, कमल साहू, चिखली (दुर्ग) से पवन डोंगरे, नंदकट्टी दुर्ग, से सुरेश साहू, परपोडा साजा से सतीश सेन, छावनी (भिलाई) से पुष्पराज प्रजापति, जेवरा सिरसा से पुरेंद्र धीवर, भर्रेगांव से शिवा सिन्हा, कोरची (महाराष्ट्र) से प्रतीक महुरले सहित उत्सव में सम्मत गुरु परिवार समिल्लित हुए।

**रोवर्स रेंजर्स के लगभग 100 विद्यार्थियों ने दी सहभागिता**

## लावातरा में वृहद स्तर पर स्काउट गाइड संघ ने किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल सांसद, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम 2.0 थीम अंतर्गत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बेमेतरा द्वारा इस वर्ष भी 7 जुलाई को जिला मुख्य आयुक्त प्रणीष रजक, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेरला जयप्रकाश करमाकर के मार्गदर्शन में बेरला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जनपद सदस्य प्रतिनिधि लेखराम साहू, ग्राम पंचायत लावातरा के सरपंच सुनीता साहू, सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर साहू, सचिव केहर साहू, बीआरसी बेरला खोमलाल साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला नारायण ठाकुर व अधेश उइके, प्राचार्य रविशंकर देशलहरे एवं प्रबुद्ध नागरिक तीरथ साहू के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजकल निरंतर बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण, गिरते भू - जल स्तर, ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन चिंता का विषय है। इस क्षेत्र में बेमेतरा जिला स्काउट गाइड संघ के द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय एवं अनुकरणीय है। स्काउट गाइड के द्वारा बड़े उत्साह के साथ पेड़ लगाए एवं लावातरा के स्काउट गाइड द्वारा पेड़ो की देखभाल व सुरक्षा का संकल्प लिया गया।



वृहद वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में शासकीय हाईस्कूल लावातरा, सेजेस बेरला, शासकीय कन्या उच्चतर् माध्यमिक विद्यालय बेरला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंडगिरी, सेजेस कुसमी, सेजेस हसदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंजवारा, ओपन रोवर - रेंजर यूनिट के रोवर्स रेंजर्स के लगभग 100 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में जिला सचिव अमित क्षत्रिय, वरिष्ठ स्काउटर हिरऊ राम ध्रुव, रेवा राम साहू, मनोज साहू, जिला संगठन आयुक्त फनेन्द्र कुमार लोधी, विकासखंड सचिव अनुज राम साहू, हारून अली, प्रकाश श्रीवास्तव, उमा साहू, रामेश्वरी साहू, वंदना लावत्रे, निधि शर्मा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में हाईस्कूल लावातरा के व्याख्यातागण शोभास्विनी मेटिया, शहनाज खान, जमुना साहू का भी विशेष योगदान रहा। प्रारंभिक सभा का संचालन भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल लावातरा ने किया।

